घर गिरने, हादसों से अब तक 50 लोगों की गई जान, कई लापता

हिमाचल से उत्तराखंड तक... बारिश से बाढ़ और बर्बादी

■ पीटीआई, शिमला/देहरादून

देश के कई राज्यों में लगातार तेज बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की वजह से अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें ज्यादातर लोग हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और ओडिशा के हैं। इन तीनों राज्यों में हालात बेहद खराब बताए जा रहे हैं। अकेले हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। मंडी जिले में ही 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। मरने वालों में 8 एक ही परिवार के हैं। पुलिस ने जब शव निकालने के लिए घर को तोड़ा तो उनकी आंखें नम हो गईं। बेड पर मृत पड़ी मां बच्चों को सीने से लगाए हुई थी। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक सुदेश कुमार मोख्ता ने कहा कि भारी बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान मंडी, कांगड़ा और चंबा जिले में हुआ है।

उत्तराखंड में बारिश के कारण तटबंध टूट गए, पुल बह गए और घरों के अंदर कीचड़ और पानी जमा हो गया। इससे कई गांवों से लोगों को निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा। ओडिशा में पहले से ही महानदी नदी का क्षेत्र बाढ़ की चपेट में है और 500 गांवों में लगभग 4 लाख लोग फंसे हुए हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि सोमवार को पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश का अनुमान है।

बाढ़ में लापता 5 लोगों का पता नहीं: हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद लापता हुए पांच लोगों का अता-पता रविवार को भी नहीं चल सका। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक सुदेश कुमार मोख्ता ने कहा कि मंडी में मंडी-कटोला-पराशर मार्ग पर बाघी नाले में अचानक आई बाढ़ की वजह से लापता हुए पांच लोगों का अभी तक कोई अता-पता नहीं चल पाया है।

PTI

AP

1 उत्तराखंड के टिहरी जिले में बचाव अभियान के दौरान **NDRF** की टीम।
2. ऋषिकेश के पास मोहनचट्टी में एक रिसॉर्ट में फंसे लोगों को बचाने जाती टीम।
3. हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में भारी बारिश के बाद सड़क की हालत।

ऋषिकेश के पास 20 पर्यटकों को बचाया

■ **विस, देहरादून:** उत्तराखंड में भारी बारिश के बाद ऋषिकेश के पास मोहनचट्टी में एक रिसोर्ट में कुछ लोगों के फंस गए। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। रिसोर्ट के पास बहने वाले एक बरसाती नाले का पानी लगातार बढने से ये लोग वहां फंस गए थे। सभी 20 लोगों का सकुशल बचा लिया गया।

टिहरी में 12 लोगों की तलाश अब भी जारी

उत्तराखंड़ में सरखेत ग्राम सभा के गांवों में 5 लोग और टिहरी के ग्वाड़ गांव में 12 लोग अब भी लापता हैं। ग्वाड़ में 2 लोगों के शव मिले हैं। बेघर लोगों को माल देवता स्कूल में रखा गया है। उधर, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने रविवार को सरखेत, मालदेवता, गाड़गांव गांवों का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग की।

nwda.gov.in